खबर संक्षेप



छात्र -छात्राओं को ओद्योगिक संस्थान का कराया भ्रमण

स्लीमनाबाद। सांदीपनि शासकीय स्कूल स्लीमनाबाद में विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत नवीन व्यावसायिक शिक्षा द्वारा संचालित प्लंबिंग ट्रेड के विद्यार्थियों ने साई कंप्यूटर इंस्टिट्यूट स्लीमनाबाद का औद्योगिक भ्रमण किया!जहाँ प्राचार्य डी के ठाकुर की उपस्थिति में कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आईसीटी लैब का भ्रमण कराया गया जहाँ विद्यार्थियों को कृष्णा त्रिपाठी के द्वारा आईसीटी लैब भ्रमण के बारे मे फायदे बतलाये गए। कहा गया कि आईसीटी लैब से डिजिटल साक्षरता में वृद्धि, कंप्यूटर बिलिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी, प्लंबिंग डिजाइन सॉफ्टवेयर का प्रयोग, ऑनलाइन मापन तकनीक की समझ, रोजगार के भविष्य में बेहतर अवसर मिलते हैं। इसके अलावा विद्यालय में संचालित हैं ये ट्रेड- प्लंबिंग, बैंकिंग फाइनेंस , आईटीआई के बारे जानकारियां प्रदान की गईं। विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद का भ्रमण कराया गया!जहाँ चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे के द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गईं ओर चिकित्सा के क्षेत्र कैसे कैरियर बना सकते है उस संबंध महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए!इस दौरान शिक्षक अमन दुबे,पुष्पलता साकेत सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कल

कटनी। जल जीवन मिशनर के कार्यों की समीक्षा एवं अनुश्रवण किये जाने हेतु मंगलवार, 13 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार कटनी में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित पूर्ण, प्रगतिरत, अप्रारम्भ योजनाओं, योजनाओं के हस्तांतरण, जल अर्पण कार्यक्रम, ग्रामों को हर घर जल रिपोर्टेड एवं सर्टिफ़ाइड करने के कार्य सहित एफ.एच.टी.सी. की लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा की जायेगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन यंत्री एवं सचिव जिला जल एवं स्वच्छता समिति ने बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ, वन मण्डलाधिकारी, जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

32 हजार की 300 पाव देशी मदिरा की गई जब्त



कटनी। आबकारी विभाग ने पटवारा रेलवे फाटक के समीप कन्हवारा रोड पर घेराबंदी कर 54 बल्क लीटर अवैध देशी मदिरा जब्त की है। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने बिना नंबर प्लेट की स्कूटी को रोककर तलाशी ली। वाहन पर रिंकू निषाद 27 वर्ष एवं राकेश निषाद (25 वर्ष), दोनों निवासी बालगंगाधर तिलक वार्ड, एनसीसी कॉलेज मार्ग, चक्की घर, थाना कुठला सवार थे। जांच के दौरान, दो सफेद बोरियों में रखे मसाला देशी मदिरा के 150-150 पाव बरामद हुए। इस प्रकार कुल 300 पाव, यानी 54 बल्क लीटर अवैध देशी मदिरा जब्त की गई। आबकारी विभाग ने मदिरा के साथ परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त कर ली। जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 32 हजार 500 रुपये बताया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

नवरात्र पर्व के शुभारंभ पर मंदिरों में अलसुबह से ही पूजन अर्चन एवं जलार्पण के लिये लगी भीड़

भक्ति का उत्साह: मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





शारदीय नवरात्र पर्व का रविवार से शुभारंभ हो गया। जगतजननी आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा अर्चना एवं जलार्पण करने अलसुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शहर में आस्था के प्रमुख जालपा मंदिर में सुबह से ही माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखने मिली। मां जालपा की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। नवरात्र के आगमन के साथ ही शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में भी धार्मिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

शारदेय नवरात्र के साथ ही प्रतिमाओं की स्थापना के लिये शहर में सुसज्जित पंडालों का निर्माण भी किया जा रहा है। दुर्गोतसव समितियों द्वारा प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना की तैयारियां की जा रही हैं। कई स्थानों पर आकर्षक विद्युत सजावट की गई है, जिससे शाम होते ही शहर के विभिन्न इलाकों में उत्सव की रौनक और बढ़ने की उम्मीद है।

नवरात्र में नौ दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमों, भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के आयोजन होंगे। विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियां अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटी हैं। श्रद्धालु भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पर्व मनाने की तैयारी कर रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर शहर के कई स्थानों पर गरबा कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

गोलबाजार रामलीला कमेटी द्वारा इस वर्ष भी रामलीला का मंचन कराया जा रहा है। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मर्यादा से जुड़ी कथाओं का मंचन किया जाएगा। यह आयोजन शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। शारदेय नवरात्र को लेकर जिले भर उत्साह का माहौल है।

नौ दिन मातारानी की भक्ति में लीन रहेंगे श्रद्धालु

आश्विन शुक्ल प्रतिपदा पर रविवार को गजकेसरी व सर्वार्थ सिद्दि योग में शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदेय नवरात्र शुरू हुआ । अभिजीत मुहूर्त के साथ श्रेष्ठ मुहूर्त में घर-घर घट स्थापना हुई। घर-घर, मंदिर- मंदिर सुबह से ही रामायण की चौपाइयों के साथ दुर्गा पाठों की गूंज सुनाई दी। स्लीमनाबाद के दुर्गा मंदिरों और हनुमानजी व श्रीराम मंदिरों में घट स्थापना के साथ दुर्गा शप्तशती और रामचरित मानस के पाठ शुरू हुए। अब पूरे नौ दिन माता की आराधना होगी। शारदेय नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की।अलसुबह से ही देवी मंदिरों मैं भक्तो का तांता लग गया।मातारानी को जल अर्पित कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई।

स्लीमनाबाद स्थित शारदा मंदिर,बडी माई,खेर माई, चंडी मंदिर मे घट स्थापना हुई।इसके बाद मंदिर के पट भक्तो के लिए खोले गए।देवी मंदिर माता के जयकारों के साथ जय मातादी,जय दुर्गे,जय अम्बे रानी के जयकारों से गूंज उठा।शैलपुत्री के रूप में माता की पूजा-वही स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे अभिजीत मुहूर्त मैं घट स्थापना की गई। घट स्थापना के साथ ही माता के दर्शन के लिए पट खुले।

पंडित दिलीप पौराणिक के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ही अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित कर घट स्थापना की गई। भक्त माता के दर्शनों के लिए पहुंचे।पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि नवरात्र में पहले दिन शैलपुत्री के रूप में माता की पूजा की गई। 9 दिनो तक ब्रह्मचारिणी, चन्द्र घण्टा, कूष्माण्डेति स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्री, महागौरी व सिद्धीदात्री नवदुर्गा के रूप में पूजा की जाएगी। नौ दिनों तक सप्तशती के पाठ होंगे।नवमी तिथि पर 1अक्टूबर को माँ सिध्दिदात्री की पूजा अर्चना कर महानवमी पर्व मनाया जाएगा।20 अक्टूबर को दशमी तिथि पर दशहरा पर्व मना कर मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित किया किया जायेगा ।देर शाम सभी देवी मंदिरों मैं ज्वारे कलश स्थापित किये गए।साथ ही मन्नत कलश भी स्थापित किये गए।

पंडालो में प्रतिमाओं की स्थापना

शारदेय नवरात्र के पहले दिन रविवार को सुबह से लेकर देर शाम तक देवी प्रतिमाओं को विराजित करने का क्रम चला।विधि विधान के साथ पंडितों ने मंत्रोच्चारण के बीच देवी प्रतिमाओं को विराजित किया गया।देवी प्रतिमाओं को लेकर जाने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।ढोल नगाड़े की धुन व देवी मातारानी के जयकारों के बीच मातारानी को लेकर भक्त चले।मातारानी को दो दिन पहले से लेकर आने का सिलसिला जारी रहा। रविवार को दिनभर पंडालो मैं घट स्थापना की गई व देवी प्रतिमाओं को स्थापित करने का क्रम शुरू हुआ जो पंचमी तक चलेगा।

ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक से खेती कर रहे कृषक के खेत का अधिकारियों ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और आधुनिक कृषि पद्धतियों का जमीनी स्तर पर जायजा लेने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने विकासखंड रीठी के ग्राम खम्हरिया नंबर-2 में कृषक राजकमल खटीक के खेत का भ्रमण किया।

सब्जी के साथ धान की खेती

इस दौरान उन्होंने कृषक द्वारा अपनाई जा रही कृषि गतिविधियों और आधुनिक तकनीकों से की जा रही खेती का अवलोकन किया। कृषक खटीक बड़े क्षेत्र में सब्जियों के साथ धान की खेती कर रहे हैं।

9.50 एकड़ में कर रहें टमाटर, बैंगन और मिर्च की खेती

कृषक राजकमल खटीक द्वारा 7.50 एकड़ क्षेत्र में टमाटर, 1.50 एकड़ में बैंगन तथा 0.50 एकड़ क्षेत्र में मिर्च की खेती की जा रही है। इन सब्जी फसलों में ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर कृषक सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। इसके साथ ही उनके खेत में 40 एकड़ क्षेत्र में धान की फसल भी लहलहा रही है।

फसलों का लिया जायजा

खेत भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने कृषक द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक कृषि तकनीकों और विभिन्न फसलों की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान सुश्री ऋषिका त्रिपाठी, उप संचालक कृषि श्रीमती प्रतिभा गौर, उप संचालक कृषि (आत्मा) सुश्री रजनी चौहान, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी भंडारी लाल महोबिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती सुधा मरकाम सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलश शोभायात्रा के साथ देवी भागवत नवाहयज्ञ शुरू



शारदेय नवरात्र पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर में रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ देवी भागवत नवाहयज्ञ शुरू हुआ। भव्य कलश शोभायात्रा सिंहवाहिनी मंदिर से ढ़ोल नगाड़ो व आतिशबाजी की धुन पर शुरू हुई। कलश शोभायात्रा हरिदास मंदिर, दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर,चंडी माई, बड़ी माई मंदिर से होते हुए नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल सिंहवाहिनी मंदिर पहुंची।जहाँ वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ देवी भागवत नवाहयज्ञ शुरू हुआ साथ ही देवी कथा शुरू हुई।कथा का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के मुखारविंद से किया जा रहा है।महिला मंडल सदस्यों नें बताया कि नौ दिनों तक विश्व कल्याण की कामना को लेकर देवी भागवत नवाहयज्ञ हो रहा है। सभी धर्म प्रिय जन मंदिर पहुंचकर धर्मलाभ लें। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, बृजेश दुबे, जयदीप त्रिपाठी, गणेश त्रिपाठी, अनुराग मिश्रा, सविनय तिवारी, नितिन अग्रहरी,राकेश साहू, गिरानी यादव,नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही!

आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़नें वितरित की शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल सलैया फाटक में"सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना तथा उन्हें नियमित अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करना था ।कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद विद्यार्थियों को ड्रेस, कॉपियाँ, पेन, पेंसिल, इरेज़र, कंपास बॉक्स, स्केच कलर सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

इस पहल से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहन मिला तथा उनमें शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा।इस दौरान सरपंच बसोरी लाल यादव, प्राचार्य वीरेंद्र कुमार हल्दकार एवं समस्त विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इस प्रकार के सेवा कार्यों को महत्वपूर्ण बताया। विद्यालय परिवार ने अभियान के माध्यम से समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करने तथा उन्हें बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने की भावना को प्रोत्साहित किया गया।यह अभियान शिक्षा के साथ-साथ सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

तनावग्रस्त जीवनशैली से बिगड़ता है मानसिक स्वास्थ्य, युवा पीढ़ी को तनाव मुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद में उमंग केंद्र के तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराग शुक्ला रहे, जबकि अध्यक्षता/ संचालन परामर्शदाता अरविन्द कुमार बैरागी द्वारा की गई।कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, सीएचओ ओर आशा कार्यकर्ताओ नें हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान विशेष कार्य करते हुए अस्पताल स्टाफ, शिक्षकों और काउंसलिंग के लिए आए शत-प्रतिशत (बच्चों एवं किशोरों का मनहित ऐप के माध्यम से स्व-मूल्यांकन कराया गया। जिन विद्यार्थियों में तनाव या समस्या का स्कोर मोडेरेट सेवेरे' पाया गया, उन्हें बेहतर उपचार व मार्गदर्शन के लिए जिला चिकित्सालय कटनी के 'मन-कक्ष' में रेफर किया गया तथा उमंग केंद्र की ओपीडी के बारे में जानकारी दी गई।मानसिक स्वास्थ्य के 5 स्वर्ण मंत्र-परामर्शदाता अरविन्द कुमार बैरागी ने व्याख्यान देते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी का न होना नहीं, बल्कि अपनी क्षमता को पहचानना और तनाव का सामना करना है।

उन्होंने युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य के 5 प्रमुख मंत्र साझा किए। बताया कि 80 फीसदी समस्याएं अपनों से बात करने से सुलझ जाती हैं, खेलने -कूदने से शारीरिक सक्रियता से 30 प्रतिशत अवसाद कम होता है, 8 घंटे की नींद से एकाग्रता और याददाश्त बढ़ती है, अच्छा खान -पान से संतुलित आहार से चिंता कम होती है, मोबाइल का उपयोग कम करें ओर रात में देर तक स्क्रीन देखने की आदत से बचें।

कार्यक्रम के अंत में रविन्द्र गर्ग के नेतृत्व में सभी उपस्थित विद्यार्थियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने की शपथ ली। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से एक भव्य जागरूकता रैली भी निकाली गई।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नवजात बेटियों का किया सम्मान

माताओं को भेंट की स्वागत किट, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कलेक्टर आशीष तिवारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत नवजात बेटियों के स्वागत एवं सम्मान की विशेष पहल करते हुये जिला चिकित्सालय कटनी में नवजात बेटियों का स्वागत कर उनकी माताओं एवं परिजनों को स्वागत किट भेंट की गई।

बेटियों के जन्म पर परिजनों को दी गई शुभकामनाएं

महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार के निर्देशन में विभागीय टीम ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर नवजात बेटियों और उनकी माताओं का सम्मान किया। अधिकारियों ने परिजनों को बेटी के जन्म पर शुभकामनाएं देते हुए बेटियों को समान अवसर प्रदान करने और उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने परिजनों को बालिकाओं के कल्याण के लिए संचालित मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में बताया गया, ताकि वे शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक सुश्री वनश्री कुर्वेती, कटनी शहरी परियोजना अधिकारी श्रीमती अनुपमा आटे, बाल संरक्षण अधिकारी मनीष तिवारी, जिला चिकित्सालय कटनी की सुश्री दुर्गा पटेल सहित महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बेटी के सम्मान से खिले माताओं के चेहरे

नवजात बेटियों के स्वागत और सम्मान से माताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कुछ बच्चियों के पिता एवं दादा ने भी बेटी के जन्म पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्वागत किट प्राप्त की। परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन के प्रति आभार जताया।

किसानों से फसल की गिरदावरी कराने अपील

कटनी। खरीफ वर्ष 2026 में कोदो-कुटकी के उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने कोदो-कुटकी की बोनी करने वाले किसानों से अपनी फसल की गिरदावरी समय पर कराने की अपील की है, ताकि वे ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी उपज का पंजीयन करा सकें और उपज का उचित मूल्य प्राप्त कर सकें। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कटनी जिले का चयन कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए किया गया है। खरीफ वर्ष 2026 में ई-उपार्जन पोर्टल पर कोदो एवं कुटकी के उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन किये जा रहें हैं। कोदो-कुटकी उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर कृषकों का पंजीयन 5 नवंबर तक किया जाएगा।

दो पक्षों में टकराव, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पौनिया में बीती रात दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया। घरों के सामने मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की गंभीर शिकायतों पर काउंटर केस दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पौनिया में 10 अक्टूबर की रात लगभग 9:00 बजे से 11:00 बजे के बीच दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस शुरू हुई जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों तरफ से एक-दूसरे पर गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गईं।

प्रथम पक्ष की ओर से सज्जो बाई यादव पति नरेश यादव 40 वर्ष ने शिकायत में बताया कि रचित यादव, भूरा यादव, गुलशन यादव, रविन्दा यादव सभी निवासी ग्राम पौनिया ने गालियां बकते हुये मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रचित यादव पिता रविन्द्र यादव 17 वर्ष ने शिकायत में बताया कि जीतू यादव, शरद यादव, नरेश यादव, सज्जो बाई यादव चारों निवासी ग्राम पौनिया ने गालियां दी एवं मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुये दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल मुआयना करवाया है।

पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयानों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है, तथा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की नजर रखी जा रही है।

खबर संक्षेप



आदिशक्ति की आराधना में श्रद्धालु हुये लीन

विजयराघवगढ़। शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा के साथ ही कैमोर क्षेत्र आदिशक्ति मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर हो गया है। आगामी नौ दिनों तक श्रद्धालु मां भगवती की विशेष आराधना और धार्मिक अनुष्ठानों में लीन रहेंगे। इस वर्ष भी कैमोर और आसपास के ग्रामीण व शहरी अंचलों में आस्था का अनूठा और भव्य नजारा देखने को मिल रहा है। भव्य प्रतिमाओं की स्थापना से सजा पंडाल पर्व को लेकर स्थानीय नागरिकों और समितियों में भारी उत्साह है। इसी क्रम में अडानी एसीसी रामलीला मैदान और कैमोर एवरेस्ट रामलीला मैदान में मां भगवती की अत्यंत मनमोहक और भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। दोनों प्रमुख पंडालों को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जहां सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है धार्मिक अनुष्ठानों और मेलों का माहौल नवरात्र के इन नौ दिनों में दोनों ही रामलीला मैदानों में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सुबह और शाम को होने वाली महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां के दर्शन और आशीर्वाद का लाभ लेंगे भव्य प्रतिमाओं की स्थापना से पूरे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है, वहीं बाजारों में भी विशेष उत्सव जैसी रौनक देखने को मिल रही है।

अयोध्या-काशी यात्रा अब 23 से 28 नवंबर तक होगी

कटनी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वर्ष 2026-27 के तहत कटनी जिले के तीर्थयात्रियों की अयोध्या-काशी (वाराणसी) यात्रा की तिथियों में बदलाव किया गया है। तकनीकी कारणों से पूर्व निर्धारित 22 से 27 अक्टूबर तक की यात्रा अब 23 से 28 नवंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। यात्रा में कटनी जिले के 196 यात्री होंगे। आईआरसीटीसी के रेलवे रेक के रखरखाव संबंधी कार्य लंबित होने के कारण पूर्व निर्धारित तिथियों में यात्रा का संचालन संभव नहीं है। इसी वजह से यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। संशोधित यात्रा कार्यक्रम के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, नगर निगम, जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित तीर्थयात्रियों को यात्रा की बदली हुई तिथियों की सूचना समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें संशोधित कार्यक्रम की जानकारी मिल सके।

हितग्राहियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया में सहयोग करने निर्देश

कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर स्वामित्व योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों/आवेदकों की रजिस्ट्री संबंधी कार्यवाही सुगम बनाने के लिए जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। सुश्री कौर ने कहा है कि ग्राम पंचायत स्तर पर ऑनलाइन सेवाओं के लिए शासन द्वारा स्थापित सीएससी एवं अटल ई-सेवा केंद्रों के माध्यम से स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य पूर्ण कराया जाए। सीईओ ने निर्देशित किया है कि सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायतों तक निर्देश प्रसारित करें तथा ग्राम रोजगार सहायक (जीआरएस) आवेदकों को निकटस्थ सीएससी केंद्रों तक पहुंचने में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इससे हितग्राहियों को रजिस्ट्री संबंधी प्रक्रिया पूरी कराने में सुविधा मिलेगी और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को अटल ई-सेवा केंद्रों की सूची प्राप्त कर ग्राम पंचायतों के माध्यम से हितग्राहियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियत समय सीमा में पूर्ण कराये।

बिना नंबर प्लेट, बिना वैध दस्तावेज और ओवरलोडिंग पर हुई कार्रवाई

रेत के अवैध परिवहन 4 वाहन किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जिले में अवैध खनिज परिवहन और ओवरलोडिंग के विरूद्ध खनिज विभाग की टीम द्वारा कोयले से भरा बिना वैध दस्तावेज वाला वाहन, बिना नंबर प्लेट के गिट्टी परिवहन करने वाला वाहन और ओवरलोड रेत से लदा तीन वाहनों को जब्त किया है।

उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि पीर बाबा बाईपास पर जांच के दौरान कोयले से भरा एक वाहन पकड़ा गया। जांच में वाहन के पास खनिज परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद वाहन जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से सलीमनाबाद थाने में खड़ा कराया गया।

इसी दौरान बिना नंबर प्लेट के गिट्टी का परिवहन करते हुए एक अन्य वाहन पकड़ा गया। वाहन चालक ने गलत नंबर बताकर जांच दल को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन खनिज अमले ने वाहन जब्त कर यातायात पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया। मामले में परिवहन अधिनियम सहित अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

रात में ओवरलोड रेत वाहन पकड़ा

खनिज विभाग द्वारा रात्रिकालीन जांच के दौरान शहर के मध्य बाईपास पर रेत से लदा एक ओवरलोड वाहन पकड़ा गया। वाहन को जब्त कर यातायात पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया है।

खनिज विभाग के अनुसार, विशेष अभियान के तहत पिछले एक सप्ताह में आधा दर्जन से अधिक वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। हाल ही में जब्त किए गए तीनों वाहनों के विरुद्ध अवैध परिवहन के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। संबंधित मामलों में नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

कार्रवाई में उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा एवं कमल प्रस्ते के साथ नवपदस्थ खनिज निरीक्षक अखंड प्रताप सिंह और अनूप पाठक ने भूमिका निभाई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज परिवहन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

दो ट्रेक्टर ट्राली किया जब्त

बड़वारा पुलिस ने महानदी पुल के पास अवैध रेत से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार भ्रमण के दौरान ग्राम सकरीगढ़ स्थित महानदी पुल और महानदी घाट की पुलिया के पास दो अलग-अलग लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर पकड़े। वाहन चालक उमेश उर्फ राजा पटेल (निवासी गणेशपुर) और संजय कुमार पटेल (निवासी बसाड़ी) रेत परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या रॉयल्टी प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने दोनों मामलों में बीएनएसएस की धारा 106 के तहत कार्रवाई करते हुए रेत से भरे दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर थाना परिसर में खड़े करवा दिए हैं। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सुयश पाण्डेय सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम सक्रिय रही।

कागजी खानापूर्ति की कार्रवाई

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गुड़ा देवरी और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर रेत के अवैध उत्खनन एवं ओवरलोड परिवहन का खेल लंबे समय से चल रहा है। हाइवा, जेसीबी मशीनों और सड़क किनारे बड़े पैमाने पर किए जा रहे अवैध स्टॉक (डंपिंग) का है। मुख्य मार्ग से कटनी और उमरिया तक सप्लाई करने वाले इस बड़े सिंडिकेट पर हाथ डालने के बजाय केवल छोटे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करना महज खानापूर्ति प्रतीत होता है। माफियाओं और सहित राजनीतिक संरक्षण प्राप्त रसूकदारों पर कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है।



मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के मुख्य मार्गों पर सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थलों को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए नगर निगम का अतिक्रमण अमला सक्रिय हो गया है। निगमायुक्त द्वारा शुक्रवार देर शाम मुख्य मार्गों के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के पालन में अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह के निर्देशन में मिशन चौक, जगन्नाथ चौक एवं गांधी द्वार थाना तिराहा से अनाधिकृत रूप से लगाए गए बैनर-पोस्टर हटाने की कार्रवाई की गई।

अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि प्रमुख चौराहों एवं तिराहों पर बिना अनुमति लगाए गए बैनर-पोस्टर न केवल नगर की सुंदरता प्रभावित करते है, बल्कि दृश्यता बाधित होने से दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान लगभग पोल सहित 8 बैनर निकाल कर सुरक्षित रूप से कार्यालय में रखवाने की कार्यवाही की गई।

आगामी पर्वों के दौरान सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने एवं नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अतिक्रमण विभाग की पृथक-पृथक टीमों का मिशन चौक से आजाद चौक होते हुए झंडा बाजार, गोले बाजार सहित मुख्य स्टेशन मार्ग में अभियान जारी रहा। इस आजाद चौक से झंडा बाजार मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित ढंग से सामग्री रखकर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध जब्ती की कार्रवाई भी की जाकर संबंधित दुकानदारों एवं व्यवसायियों को स्पष्ट हिदायत दी गई कि वे सार्वजनिक मार्गों को बाधित न करें और निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय संचालित करें।

गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने एवं प्राथमिकता से कार्य को समय से करें पूर्ण

निगमायुक्त ने रेस्टोरेशन व डामर पेच वर्क का लिया जायजा, शीघ्र पूर्ण करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वर्षा काल के दौरान क्षतिग्रस्त हुई नगर की सड़कों की मरम्मत एवं सीवर कार्य के पश्चात मार्गों के रेस्टोरेशन कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के बाद नगर में चल रहे सड़क मरम्मत कार्यों का निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आवागमन में न हो समस्या

निगमायुक्त ने बरगवां मुख्य मार्ग में डामर से की जा रही गड्ढों की फिलिंग तथा सागर पुलिया से कटाएघाट मुख्य मार्ग के रोड रेस्टोरेशन कार्य का जायजा लिया लिया लेकर अवश्य सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य के दौरान सड़क के लेवल और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। कटनी साउथ सहित नगर के अन्य स्थलों में चल रहे एवं नगर के अन्य मुख्य मार्गों का रेस्टोरेशन एवं पेंच वर्क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए, ताकि नवरात्रि पर्व के दौरान नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

जगन्नाथ चौक से पन्ना मोड़ मार्ग करें व्यवस्थित

निगमायुक्त ने जगन्नाथ चौक से पन्ना मोड़ मुख्य मार्ग का भी अधिकारियों के साथ पैदल निरीक्षण किया। उन्होंने कृष्णा कोल्ड स्टोरेज, बस स्टैंड के पास एवं चंडिका नगर हनुमान मंदिर के पास मार्ग की स्थिति देखकर गड्ढों की फिलिंग शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि मार्ग की चौड़ाई पर्याप्त है, आवश्यकता इसे महानगरों की तर्ज पर व्यवस्थित करने की है। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्य मार्ग के किनारे नगर निगम के नाले के ऊपर से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाकर दुकानदारों की हद निर्धारित की जाए, बैरिकेड लगाए जाएं तथा पैदल बस स्टैंड जाने वाले यात्रियों एवं नागरिकों की सुविधा हेतु पाथ-वे का निर्माण और डिवाइडर को व्यवस्थित करने का प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री सुनील सिंह, मृदुल श्रीवास्तव, उपयंत्री हिमांशु गौतम सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कटनी नदी में 10 हजार मत्स्य बीजों का किया संचयन



जिले में मछलियों की संख्या बढ़ाने के साथ जलीय जैव विविधता का संरक्षण करने और स्थानीय मछुआरा समुदाय की आजीविका को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने महत्वपूर्ण पहल करते हुये कटनी नदी के घुघरा घाट पर लगभग 10 हजार मत्स्य बीजों का संचयन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार तथा सहायक संचालक मत्स्य आशीष नायक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग द्वारा संचालित नदीय मत्स्य समृद्धि योजना के अंतर्गत आयोजित मत्स्य बीज संचयन कार्यक्रम में कटनी नदी के घुघरा घाट पर मत्स्य संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने की पहल से नदी में मछलियों की संख्या में वृद्धि होगी और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

विद्यार्थियों को जीरो बजट फार्मिंग के जरिए जैविक खेती और स्वरोजगार के बताए तरीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से जैविक खाद निर्माण एवं फसलों में उनके उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने विद्यार्थियों को कम लागत वाली जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत संजीवक खाद, ऋषि कृषि एवं पंचगव्य खाद बनाने और उनके उपयोग की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जैविक खाद के उपयोग से भूमि में सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या बढ़ती है तथा मिट्टी की उर्वरक क्षमता में सुधार होता है। इससे फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलती है। साथ ही फसलों में कीट और रोगों का प्रकोप कम करने में भी जैविक खाद उपयोगी होती है।

जैविक कृषि विशेषज्ञ ने बताया कि पंचगव्य खाद बनाने के लिए देशी गाय का 5 किलोग्राम ताजा गोबर, 3 लीटर गोमूत्र, 2 लीटर कच्चा दूध, 2 लीटर दही, 500 ग्राम देशी गाय का घी, 500 ग्राम गुड़ और 12 पके हुए केले की आवश्यकता होती है। इन सभी सामग्रियों को प्लास्टिक के ड्रम में मिलाकर 18 दिनों तक छाया में रखा जाता है। इस दौरान मिश्रण को लकड़ी के डंडे से दिन में दो बार हिलाया जाता है।

प्रशिक्षण में पंचगव्य के 3 प्रतिशत घोल के उपयोग की तकनीक भी समझाई गई। इसका उपयोग बीज एवं जड़ उपचार, फलदार पौधों और फसलों पर छिड़काव तथा सिंचाई के पानी के साथ खेतों में पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा बीजों के भंडारण में भी पंचगव्य के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को कम लागत में जैविक खेती अपनाने और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

14 अक्टूबर को होने वाले निगम सम्मिलन की तैयारियों की समीक्षा

लंबित प्रकरणों एवं शिकायतों का करें शीघ्र निराकरण, लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम प्रशासन के कामकाज में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर निगम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने विभिन्न विभागों में 50 एवं 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए।

बैठक में निगमायुक्त ने लोक निर्माण, भवन अनुज्ञा, जल प्रदाय, स्वच्छता एवं अतिक्रमण शाखा सहित अन्य विभागों के लंबित प्रकरणों का ब्यौरा लिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रत्येक शिकायत को अधिकारी पूरी गंभीरता से लें। सिर्फ कागजी खानापूर्ति करने के बजाय अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के साथ ठोस कार्रवाई करते हुए समय पर पोर्टल पर प्रतिवेदन दर्ज कराएं।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार की नसीहत देते हुए कहा कि यदि प्रतिदिन दर्ज और लंबित प्रकरणों का गंभीरता से फॉलोअप लिया जाए, तो शिकायतों के बैकलॉग में कमी आएगी। उन्होंने चेताया कि निराकरण में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित शाखा प्रभारी व अधिकारी की सीधी जवाबदेही तय कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा बैठक के दौरान आगामी 14 अक्टूबर को आयोजित होने वाली नगर निगम सम्मिलन की बैठक की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। निगमायुक्त ने पूर्व में पारित संकल्पों व आगामी एजेंडे के विषयों के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्मिलन में रखे जाने वाले प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई का स्पष्ट विवरण, अद्यतन स्थिति एवं आवश्यक दस्तावेज समय पूर्व तैयार रखें।

बैठक में ये रहे मौजूदबैठक में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक यंत्री सुनील सिंह, आदेश जैन, मोना करेरा, मृदुल श्रीवास्तव, उपयंत्री संजय मिश्रा, शैलेंद्र प्यासी आदि उपस्थित रहे।

स्काउट्स एवं गाइड्स ने मनाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

सकारात्मक समाज निर्माण के लिये सहयोगात्मक भावना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कटनी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मप्र राज्य मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर आशीष तिवारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी तथा पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट) सच्चिदानंद पांडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय तथा यूनिसेफ मध्यप्रदेश की संयुक्त पहल प्रोजेक्ट यूथ फॉर चेंज के अंतर्गत बाड्सले हिंदी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झिंझरी में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, मानसिक स्वास्थ्य विषय पर 60 सेकंड की वार्ता और जागरूकता शपथ का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने चित्रों एवं अपने विचारों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, सकारात्मक सोच अपनाने, एक-दूसरे की भावनाओं को समझने तथा जरूरतमंदों को सहयोग देने का संकल्प लिया। उन्हें बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य के समान महत्वपूर्ण है। अपनी भावनाओं को खुलकर साझा करना, दूसरों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनना और जरूरत के समय सहयोग देना स्वस्थ एवं सकारात्मक समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है।

इस अवसर पर सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अजय शंकर पांडेय, राज्य सहायक संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा एवं गाइड कैप्टन श्रीमती अर्चना मैथ्यूज उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला कोऑर्डिनेटर श्रीमती रिया कनौजिया ने किया।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स तथा यूनिसेफ मध्यप्रदेश की इस पहल का उद्देश्य युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और सहयोग की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि मन की बात साझा करें, एक-दूसरे को समझें और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

आंगनवाड़ी केंद्र में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क ड्रेस एवं शिक्षण सामग्री का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर क्रमांक-3, कन्हवारा, विकास खंड, कटनी द्वारा ग्राम पंचायत मड़ई के जोगियाकाप स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क ड्रेस एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ड्रेस, कलर पेन एवं ड्राइंग कॉपी प्रदान की गई। आवश्यक सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह की झलक दिखाई दी। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सहयोग प्रदान करना रहा। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष आर एल चौधरी, श्रीमती माया गुप्ता, परामर्शदाता रामानुज पांडे, श्रीमती रूपा बर्मन, श्रीमती संयोगिता मिश्रा एवं बारडोली वेलफेयर सोसायटी के सेक्टर प्रभारी गणपत कोल सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा ग्राम की मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

उपस्थित अतिथियों एवं संस्था के सदस्यों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। सभी ने समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहयोग पहुंचाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। बारडोली वेलफेयर सोसायटी की यह पहल समाज सेवा, शिक्षा प्रोत्साहन एवं जनभागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण है।

संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना और सामूहिक सहयोग से सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन लाना है।

खबर संक्षेप

पति की प्रताड़ना व मारपीट से तंग आकर महिला ने दर्ज कराई एफआईआर

अमानगंज। अमानगंज थाना क्षेत्र में पति द्वारा विवाहिता के साथ शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम ढ्वारी निवासी रिंकी त्रिवेदी (35 वर्ष) ने अपने पिता प्यारेलाल तिवारी के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के अनुसार, उसका विवाह 20 अप्रैल 2012 को ग्राम ढ्वारी निवासी ओमप्रकाश त्रिवेदी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। उनके 12 वर्ष की एक पुत्री और 10 वर्ष का एक पुत्र है। पीड़िता ने बताया कि विवाह के लगभग 13 वर्षों तक सब सामान्य रहा, लेकिन अक्टूबर 2025 से उसका पति छोटी-छोटी बातों पर विवाद कर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि फरवरी 2026 में भी उसके साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद 19 जून 2026 को आरोपी पति ने उसके साथ फिर से मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया, जिससे उसके सिर में चोट भी आई थी। इसके बाद से पीड़िता अपने मायके में रह रही थी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी ओमप्रकाश त्रिवेदी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 85 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

सिद्ध क्षेत्र सूंघा बाबा परिसर में 25 अक्टूबर से होगा नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ

मातृशक्ति श्रद्धा संवर्धन एवं अखंड दीप जन्म शताब्दी 2026 के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय आयोजन 24 अक्टूबर को कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

देवेंद्रनगर। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के आध्यात्मिक मार्गदर्शन में परम वन्दनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी 2026 के शुभ अवसर पर मातृशक्ति श्रद्धा संवर्धन एवं अखंड दीप जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में ग्राम बड़वारा स्थित सिद्ध क्षेत्र सूंघा बाबा परिसर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया जा रहा है। देवेंद्रनगर मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित इस सिद्ध स्थल पर आयोजित होने वाला यह महायज्ञ आध्यात्मिक जागरण, संस्कार संवर्धन और सामाजिक चेतना के प्रसार का संदेश देगा। गायत्री परिवार का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण और समाज निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त करना है।

सर्च वारंट के आधार पर वन विभाग ने की कार्रवाई

52 नग सागौन की इमारती लकड़ी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व अंतर्गत गेम परिक्षेत्र झापन की बीट सोमखेड़ा से लगे ग्राम सुहेला में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 52 नग सागौन की इमारती लकड़ी जब्त की है। कार्रवाई मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर की गई। मामले में आरोपी भीकम सिंह पिता करण सिंह लोधी, निवासी ग्राम सुहेला के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने के बाद वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सुश्री मनीषा मुकाती, वनक्षेत्रपाल के नेतृत्व में परिक्षेत्र मोहली एवं परिक्षेत्र झापन की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा सर्च वारंट के आधार पर आरोपी के निवास स्थान पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी के घर पर ताला लगा हुआ मिला। इसके बाद ग्राम सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में नियमानुसार घर के आसपास तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मौके से सागौन की इमारती लकड़ी के कुल 52 नग बरामद हुए। वन विभाग की टीम ने लकड़ी को जब्त कर लिया है। वन विभाग द्वारा जब्त की गई लकड़ी के संबंध में पीओआर क्रमांक 480/17 दर्ज कर वन अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभाग द्वारा जब्त सागौन की लकड़ी की जांच एवं प्रकरण से संबंधित अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र मोहली एवं परिक्षेत्र झापन के वन अमले के साथ पुलिस चौकी इमलिया का स्टाफ भी शामिल रहा। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से इमारती लकड़ी के संग्रहण एवं कटाई करने वालों में हड़कंप की स्थिति है। विभाग द्वारा वन क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार निगरानी और कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

महाराज अग्रसेन के जयघोष के साथ हटा में निकली शोभायात्रा



हटा। अग्रवाल समाज द्वारा अग्र कुल शिरोमणि महाराजा अग्रसेन की जयंती के शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा अग्रवाल धर्मशाला बजरिया से शुरू होकर हनुमान चौक से होती हुई उद्येश्वरी माता के सामने से श्री प्रहलाद ब्या जी के घर से होते हुए अग्रसेन भवन गौरीशंकर रोड से होते हुए मल्लु माता के सामने से श्री रामसू फौजदार की दुकान होते हुए भोले फौजदार के घर से होते हुए वापिस अग्रवाल धर्मशाला पहुंची जहां भव्यता के साथ समापन हुआ।

शोभायात्रा की शुरुआत उमेशचंद्र बजाज अध्यक्ष अग्रवाल समाज हटा एवं पंच गण के द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती की आरती कर शोभायात्रा की शुरुआत की गई। इस दौरान समाज की महिलाएं लाल रंग की साड़ी और पुरुष सफेद रंग के पजामा-कुर्ता में अग्र ध्वज लिए नजर आए। इस दौरान महाराजा अग्रसेन की सुसज्जीत झांकी की इस शोभायात्रा ने शहर के सभी अग्रवाल समाज के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया, इस दौरान समाज ने जगह-जगह आरती पूजन कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान अग्रकुल मित्र मंडल के द्वारा आयोजित द्वार पर रंगोली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें शोभायात्रा के दौरान अग्रवाल बंधुओं के द्वारा अपने अपने घर के द्वारों पर महाराजा जी का पूजन अर्चन किया गया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष उमेश चंद्र बजाज ने कहा कि यह शोभायात्रा हमारी परंपरा संस्कृति और एकता के संगम को प्रदर्शित कर रही थी। शोभा यात्रा में समाज के पुरुष अपने पारंपरिक वेशभूषा कुर्ता-पजामा एवं महिलाएं लाल रंग की साड़ी पहने हुए थी समाज के लिए यह गौरव का प्रतीक एवं ऐतिहासिक क्षण रहा।

गौमाता को राष्ट्र पशु घोषित किया जाए : राकेश तिवारी



बटियागढ़। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वावधान में घनश्यामपुरा स्थित हरसिद्धि मंदिर परिसर में तहसील स्तरीय मासिक महाआरती आयोजित की गई। दोपहर 12 बजे गोलू रैकवार ने कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। शंख ध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच मां एवं गुरुवर के जयकारों के साथ आरती संपन्न हुई। आरती के बाद संगठन पदाधिकारियों ने नशामुक्त एवं मांसाहार मुक्त जीवन अपनाने की अपील की। राकेश तिवारी ने गौमाता को राष्ट्र पशु घोषित करने की मांग करते हुए इसके लिए आंदोलन जारी रखने की बात कही। वृंदावन धाम से आए संत दास जी महाराज ने भी गौमाता के संरक्षण के लिए आंदोलन की बात कही। जिला अध्यक्ष दशरथ सिंह ने बताया कि 19 से 21 अक्टूबर तक सिद्धाश्रम धाम में तीन दिवसीय शक्ति चेतना जनजागरण शिविर आयोजित होगा। इसमें लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में कई लोगों ने नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प लिया। अंत में श्रद्धालुओं को निशुल्क शक्ति जल एवं प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न समाजों के लोग उपस्थित रहे।

नवरात्रि के प्रथम दिन देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धा

पंडालों में विधि-विधान से हुई मां दुर्गा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



नगर एवं क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। नवरात्रि के प्रथम दिन जहां विभिन्न देवी पंडालों में विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई, वहीं सुबह से ही नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भोर में करीब 4 बजे से ही श्रद्धालु नंगे पांव जल लेकर देवी दरबार पहुंचे और माता का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। नगर के बड़ी खेर माता मंदिर और पुरानी खेर माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था।

श्रद्धालुओं ने नंगे पांव मंदिर पहुंचकर माता को जल अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसरों में माता के जयकारे गूंजते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। नवरात्रि के पहले दिन बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इधर नगर के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए देवी पंडालों में भी नवरात्रि की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। प्रतिमा स्थापना से पहले धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विभिन्न स्थानों से श्रद्धापूर्वक पंडालों तक लाया गया। प्रतिमा के पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने माता के जयकारों के साथ स्वागत किया। इसके बाद पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां दुर्गा की स्थापना की गई। कई पंडालों में घटस्थापना के साथ अखंड ज्योति भी प्रज्वलित की गई।

नवरात्रि का प्रथम दिन मां शैलपुत्री को समर्पित माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां शैलपुत्री मां दुर्गा के नौ स्वरूपों में प्रथम स्वरूप हैं। श्रद्धालुओं ने माता को रोली, कुमकुम, अक्षत, पुष्प और चंदन अर्पित कर आरती की। अनेक श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक व्रत रखने और प्रतिदिन माता की आराधना करने का संकल्प भी लिया। नवरात्रि को लेकर नगर में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। देवी मंदिरों से लेकर पूजा पंडालों तक सुबह से देर रात तक धार्मिक गतिविधियां जारी रहेगी । आगामी नौ दिनों तक नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र माता की भक्ति में सराबोर रहेगा तथा विभिन्न स्थानों पर आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण के आयोजन किए जाएंगे।

राष्ट्र भाषा प्रचार समिति की प्रतियोगिताएं सम्पन्न



दमोह। म.प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति इकाई दमोह के छात्र प्रतिभा प्रतियोगिता 2026 शासकीय ई एफ ए जे.पी.बी.कन्या उ.मा.विद्यालय के सभागार मे सम्पन्न हुई। जिसके मुख्य अतिथि डी .के. मिश्रा प्राचार्य जे. पी .बी.अध्यक्ष वरिष्ट साहित्यकार ओजेंद्र तिवारी .विशिष्ट अतिथि वरिष्ट कवि .पी. एस . परिहार ने सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संयोजिका डॉ प्रेमलता नीलम ने कहा राष्ट्रभाषा प्रचार समिति भोपाल का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भाषा साहित्य ,संगीत और संस्कृति से जोड़ना है ।मुख्य अतिथि ने कहा स्कूली बच्चों ने दिखाई कला के हुनर ।अध्यक्ष ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की । श्यामा भवि शर्मा केंद्रीय विद्यालय ने काव्य पाठ मे प्रथम स्थान प्राप्त किया,जानकी पटेल मिशन विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया,अंजना जागृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । भाषण में धैर्य सिंह ठाकुर सेंट्रल स्कूल ने प्रथम स्थान, ओजल जैन ने द्वितीय नवजागृती ,हंसवाहिनी पटेल सरस्वती शिशु विद्यालय तथा तृतीय स्थान कावेरी चढाव ने प्राप्त किया । लोकगीत मे प्रथम स्थान लक्ष्य यादव केंद्रीय विद्यालय ने प्राप्त किया द्वितीय कंचन रावत, जे. पी. बी.तथा रिया पटेल मिशन स्कूल ने तृतीय । समिति अध्यक्ष पुष्पा चिले ,डीके मिश्रा,, पदमा तिवारी ,पी एस परिहार तथा ओजेंद्र ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया सफल संचालन वरिष्ट शिक्षक शरद मिश्रा ने किया दमोह जिला संयोजिका ने आभार माना ।

भारतीय सफाई मजदूर संघ की जिला व नगर कार्यकारिणी का हुआ गठन

दमोह। भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कछवाह चंकी की अध्यक्षता में जिला दमोह के संघ कार्यालय के समीप स्थित सरस्वती शिशु मंदिर कानेटकर भवन में जिला अधिवेशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाकर कार्यकर्ताओं को पदो पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये जिसमें प्रेम पारोचे जिलाध्यक्ष, विनोद करोसिया उपाध्यक्ष, देवेन्द्र करोसिया उपाध्यक्ष, संजीव चौहान उपाध्यक्ष, कमलेश पारोचे प्रवक्ता, संजय बोहत महामंत्री, प्रवेश करोसिया महामंत्री, राजेश गोदरे मंत्री, जितेन्द्र चौहान कोषाध्यक्ष, सतीश चढ़ार कार्यालय मंत्री, आशिक बेग मीडिया प्रभारी को नियुक्त किया गया हैं। वहीं संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम परोचे ने संघ की नगर कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें विनोद करोसिया नगर अध्यक्ष, बृजकांत गोदरे नगर उपाध्यक्ष, कुलजीत पारोचे उपाध्यक्ष, अमित चौहान नगर कोषाध्यक्ष, संदीप पारोचे नगर मंत्री, राजेश घेचरे नगर मंत्री, मनोज डागौर नगर संगठन मंत्री, तलाश पारोचे कार्यालय मंत्री, कृष्णा रिछारिया नगर मंत्री, राजीव नाहर मीडिया प्रभारी शामिल हैं। इन सभी कार्यकर्ताओं को सफाई कर्मचारियों के अलावा उनके मित्रो शुभचिंतको व संघ के पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न

दमोह। मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में स्थाई कर्मी, अंशकालीन, सुरक्षा श्रमिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों के हितों में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिला कार्यकारिणी की सर्वसम्मति से निम्न मनोनयन किए गए जिसमें कंप्यूटर ऑपरेटर श्री संतोष कुमार अहिरवार को सभी विभागीय कंप्यूटर ऑपरेटर प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में पदस्थ स्थाई कर्मी श्री रमेश कुमार अहिरवार को संघ का जिला सचिव मनोनीत किया गया,. सेवानिवृत्त स्थाई कर्मी श्री रूपनारायण विश्वकर्मा को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया, सिंचाई विभाग दमोह में पदस्थ श्री राजाराम उपाध्याय को जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष श्री राकेश हजारी ने सभी मनोनयनों का अनुमोदन कर एकजुट रहने का संकल्प दिलाया। जिला उपाध्यक्ष संतोष खरे एवं जिला कोषाध्यक्ष रानू यादव ने नव-मनोनीत पदाधिकारियों का फूल-माला से स्वागत किया। मीडिया प्रभारी वीरेंद्र जाटव ने तिलक लगाकर स्वागत किया। अंत में जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रांतीय अध्यक्ष राकेश हजारी, जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर, संतोष खरे, रानू यादव, वीरेंद्र जाटव, राजाराम उपाध्याय, रूपनारायण विश्वकर्मा, संतोष अहिरवार, रमेश अहिरवार, जवाहर रैकवार, जागेश्वर तिवारी, मुन्ना सोनी, असगर उर्फ वफाती ,मनोज रैकवार, शारदा रैकवार, मनोज शुक्ला, गोविंद तोमर, शुभम अहिरवाल, भागवत रैकवार, हरिराम अहिरवाल, रज्जू अहीरवाल ,आशीष नामदेव, वीरेंद्र हजारी, नरेंद्र अहीरवाल, धीरज दुबे, भवानी यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

संगठन सृजन के तहत समनापुर में कांग्रेस की हुई बैठक



तेंदूखेड़ा। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मंडलम समनापुर में कांग्रेस पार्टी द्वारा 'संगठन सृजन' अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करना और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए रणनीति तैयार करना था। क्षेत्र में भैंस चोरी और किसानों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर लगातार मुखर रहने वाली कांग्रेस पार्टी इस बैठक के जरिए कार्यकर्ताओं में नया जोश भरती नजर आई। बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी जनता के हर सुख-दुख में साथ खड़ी है। चाहे वह क्षेत्र में बढ़ता भैंस चोरी का मुद्दा हो या फिर किसानों के हक की लड़ाई, कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अग्रिम मोर्चे पर रहकर आम जनता की मदद कर रहा है। इसी सक्रियता को बरकरार रखते हुए आगे की चुनावी और आंदोलनात्मक रणनीति की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता महिपाल सिंह राजा सिंह लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश यादव, नोने लाल परस्ते मंडल अध्यक्ष, सर्रा, और रतनलाल साहू एडवोकेट नगर मंडल अध्यक्ष-1 मौजूद रहे। इनके साथ ही प्रमोद बेन नगर मंडल अध्यक्ष-2, राघवेंद्र सिंह लोधी पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजू तिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष, किसान कांग्रेस कमेटी, कैलाश बरानिया ब्लॉक उपाध्यक्ष, राहुल चौकसे युवा नेता, गौरव दुबे ब्लॉक सचिव, राजाराम सेन मंडल अध्यक्ष, तारादेही और अमित जैन युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देवी पंडालों में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने की अपील, चौकी प्रभारी आनंद कुमार ने ग्रामीणों से किया संवाद

नवरात्रि और गरबा कार्यक्रमों को लेकर पुलिस ने की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ फुटेराकलां

बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम फुटेरा कला में आज पुलिस चौकी परिसर में आगामी धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चौकी प्रभारी आनंद कुमार सहित पुलिस स्टाफ और ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान नवरात्रि पर्व, देवी पंडालों में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों तथा गरबा आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। गौरतलब है कि ग्राम फुटेरा कला में नवरात्रि के अवसर पर लगभग आठ स्थानों पर देवी पंडाल सजाए गए हैं। इन पंडालों में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर गरबा कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण शामिल होते हैं। ऐसे में सभी धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने और आपसी भाईचारा बनाए रखने के संबंध में पुलिस द्वारा ग्रामीणों से चर्चा की गई।

चौकी प्रभारी ने ग्रामीणों से किया संवाद

बैठक में चौकी प्रभारी आनंद कुमार ने ग्रामीणों एवं आयोजन समितियों से चर्चा करते हुए कहा कि धार्मिक पर्व हमारी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। सभी आयोजन समितियां आपसी समन्वय बनाकर कार्यक्रमों का संचालन करें तथा गांव में शांति और सद्भाव का वातावरण बनाए रखें। उन्होंने धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और अनुशासन पर ध्यान देने की बात कही। साथ ही आयोजन समितियों से अपील की गई कि कार्यक्रमों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी लोग जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाएं।

आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील

बैठक में उपस्थित ग्रामीणों से अपील की गई कि नवरात्रि एवं गरबा कार्यक्रमों के दौरान आपसी सहयोग और भाईचारा बनाए रखें। धार्मिक आयोजनों में सभी की सहभागिता से गांव में शांति और सामाजिक सौहार्द को मजबूत किया जा सकता है। पुलिस और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

पुलिस और ग्रामीणों की रही सहभागिता

शांति समिति की इस बैठक में चौकी प्रभारी आनंद कुमार, फिरदौस मुंशी, आरक्षक राज राजपूत सहित ग्राम के नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य नवरात्रि पर्व एवं गरबा कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना और ग्राम में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तथा नागरिकों के बीच समन्वय स्थापित करना रहा।

सनातन हिन्दू एकता रथयात्रा का दमोह में होगा ऐतिहासिक स्वागत

दमोह। बागेश्वरधाम के परमपूजनीय संत पंडित धीरेन्द्र शास्त्री जी महाराज के सानिध्य में 11 से 15 अक्टूबर 2026 तक होने वाली सनातन हिन्दू एकता रथयात्रा का 13 अक्टूबर 2026 को दमोह जिले की सीमा में प्रवेश करेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने दमोह जिले के समस्त धर्म प्रेमी बंधुओं से अपील करते हुए कहा है कि पूज्यनीय बागेश्वर धाम सरकार के सानिध्य में आयोजित सनातन हिन्दू एकता रथयात्रा का दमोह जिले में ऐतिहासिक अगवानी कर भव्य स्वागत किया जाएगा। समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से सनातन हिन्दू एकता रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज गोलू ने बताया कि हम सभी मिलकर सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं एक लक्ष्य -सनातन की एकता, एक संकल्प -हिंदू समाज का जागरण, एक आवाज -जय श्री राम 13 अक्टूबर को रथयात्रा में अधिक से अधिक सहभागी बने और सनातन शक्ति को मजबूत करें।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित मनीष तिवारी ने बताया कि हर घर भगवा छाएगा, सनातन धर्म का मान बढ़ाएगा पूज्यनीय बागेश्वर धाम के संत पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की यात्रा बुंदेलखंड में हिन्दू समाज को जोड़ने की यात्रा है। दमोह जिले की गलियां जय श्री राम के नारों से गुंजायमान होगी यात्रा की ऐतिहासिक अगवानी करने के लिए रामभक्त तैयार हैं।

शारदेय नवरात्रि : द्वितीय दिवस

आत्मबल से जीवनोत्थान का मार्ग प्रशस्त करती हैं माँ ब्रह्मचारिणी

दमोह। नवरात्रि के द्वितीय दिवस पर पूजित माँ ब्रह्मचारिणी का स्वरूप तप, त्याग, साधना और अटूट संकल्प का दिव्य प्रतीक है। सनातन दर्शन में उनका यह स्वरूप केवल उपासना का विषय नहीं, अपितु जीवन को अनुशासित, कर्मशील और आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। महंत श्री भगवान वेदांताचार्य जी अपनी आध्यात्मिक विवेचना में कहते हैं कि ब्रह्मचारिणी के स्वरूप को समझने के लिए शब्द-ब्रह्म, आकाश तत्त्व और चेतना के पारस्परिक संबंध को समझना आवश्यक है। आकाश शब्द का आधार है और शब्द विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम ,इस दृष्टि से ब्रह्मचारिणी का स्वरूप हमें विचारों की शुद्धता, वाणी के संयम और चेतना की परिपक्वता की ओर प्रेरित करता है वैदिक सनातन परंपरा में नवरात्रि के नौ दिवस केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, साधना और अंतःकरण के परिष्कार के अवसर हैं। प्रत्येक देवी-स्वरूप जीवन के किसी विशिष्ट गुण का बोध कराता है। द्वितीय दिवस की अधिष्ठात्री माँ ब्रह्मचारिणी तपस्या के माध्यम से यह संदेश देती हैं कि जीवन की वास्तविक उन्नति बाहरी साधनों से अधिक आंतरिक सामर्थ्य, धैर्य और निरंतर पुरुषार्थ पर निर्भर करती है माँ ब्रह्मचारिणी की तपस्या का संदेश विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रासंगिक है। युवा शक्ति में यदि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास का समन्वय हो जाए, तो वह न केवल अपने जीवन को सफल बना सकती है, बल्कि समाज के निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकती है। आत्मनिर्भरता का वास्तविक आधार संकल्प की दृढ़ता और कर्म के प्रति निष्ठा है। वे आगे कहते हैं कि ब्रह्मचर्य केवल जीवन की एक अवस्था नहीं, बल्कि आत्मबल, आत्मसंयम और संकल्प की दृढ़ता का साधन भी है। जिस व्यक्ति के विचार स्पष्ट, लक्ष्य निर्धारित और प्रयास निरंतर होते हैं, उसके लिए कठिनाइयाँ भी साधना का माध्यम बन जाती हैं। तप का अर्थ केवल कष्ट सहना नहीं, बल्कि अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए इंद्रियों, विचारों और कर्मों को अनुशासित करना है। इसी संदर्भ में दुर्गा सप्तशती का पाठ साधक को देवी-महात्म्य के आध्यात्मिक चिंतन तथा अपने अंतःकरण के परिष्कार की प्रेरणा देता है। जीवन में सद्गुणों की स्थापना और दुर्गुणों का परित्याग ही साधना की सार्थकता है। जब उपासना का भाव व्यवहार में उतरता है, तब वह व्यक्ति के चरित्र, विचार और कर्म—तीनों को परिष्कृत करता है। अंततः माँ ब्रह्मचारिणी का संदेश यही है कि तप से आत्मबल, आत्मबल से संकल्प और संकल्प से सिद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। जो साधक इस संदेश को अपने जीवन में आत्मसात कर लेता है, उसके लिए नवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मोत्थान की सतत साधना बन जाती है।



श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम
दमोह

सोसायटी गोदाम का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास, फुटवेयर दुकान से 20 से 25 हजार का माल पार

सिंग्रामपुर में एक ही रात दो दुकानों में चोरी, 48 घंटे में आरोपी गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर

क्षेत्र में 9 अक्टूबर की रात चोरी की दो घटनाओं से हड़कंप मच गया। चोरों ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं सहकारी सोसायटी के माल गोदाम का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया, जबकि जगजीवन चौधरी उर्फ बड्डू चौधरी की फुटवेयर दुकान से जूते-चप्पल सहित करीब 20 से 25 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। गोदाम का ताला तोड़ने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने सोसायटी के शाखा प्रबंधक वीरेंद्र शुक्ला को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रबंधक और स्थानीय लोगों ने संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। वहीं, सुबह दुकान खोलने पहुंचे संचालक को ताला टूटा मिला और सामान गायब पाया गया। मामले में फरियादी वीरेंद्र शुक्ला एवं बड्डू चौधरी की रिपोर्ट पर जबेरा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 289/26 एवं 290/26 के तहत बीएनएस की धारा 305(ए) और 331(4) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देश तथा एसडीओपी तेंदूखेड़ा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए छोटू उर्फ भूपेंद्र चौधरी (24), निवासी सिंग्रामपुर और एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरी गया माल भी बरामद किया है। आरोपियों को न्यायालय दमोह में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, उपनिरीक्षक गणेश दुबे सहित पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

एक ही रात में चोरी की दो घटनाओं से स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में चिंता है। लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

सात वर्षीय मासूम की बाइक की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत चिलोद टपरिया गांव में रविवार की दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सड़क किनारे बने मकान की ओट में खेल रहा 7 वर्षीय मासूम अचानक सड़क पर आ गया, तभी बम्होरी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे कुचल दिया। हादसे में मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस अकाल मौत से पूरे परिवार और गांव में मातम छा गया है।

मकान की ओट के कारण हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। मृतक बच्चे की पहचान 7 वर्षीय टेकचंद उर्फ पुष्पेंद्र, पुत्र पवन विश्वकर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सड़क से सटा हुआ मकान होने और उसकी आड़ (ओट) के चलते घर के बाहर से आने-जाने वाले वाहन ठीक से दिखाई नहीं देते हैं। बच्चा खेलते-खेलते अचानक सड़क पर आ गया, जिससे यह अनहोनी हो गई।

गर्दन के ऊपर से निकला पहिया, बाइक पर थे तीन सवार

बताया जा रहा है कि बम्होरी की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार होकर तेज गति से आ रहे थे। सड़क पर अचानक आए बच्चे को बाइक चालक बचा नहीं पाया और मासूम को रौंदते हुए निकल गया। बाइक का पहिया बच्चे की गर्दन के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाइक सवार बडेरा गांव के बताए जा रहे हैं। मृतक बच्चे के पिता पवन विश्वकर्मा के दो बच्चे थे, जिसमें से इस बड़े बेटे की दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई है। जवान बेटे के इस तरह अचानक दुनिया से चले जाने के बाद माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में मचे कोहराम को देखकर सांत्वना देने वाले हर शख्स की आंखें नम हो गईं। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में निजी वाहन से मासूम को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मासूम बच्चे के शव को अस्पताल की मर्चुरी (शव गृह) में सुरक्षित रखवा दिया गया है, जिसका पोस्टमार्टम (PM) सोमवार की सुबह किया जाएगा। वहीं, हादसे के बाद एक बाइक चालक बच्चे को अस्पताल ले जाने के दौरान साथ रहा, जबकि दो अन्य आरोपी मौके से भागने लगे, जिन्हें सतर्क ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। नोहटा थाना पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

नवरात्रि पर शक्ति की भक्ति, स्नेह से मैहर के लिए निकली बड़ी माई यात्रा



दमोह। नवरात्रि के पावन अवसर पर मां के प्रति आस्था और भक्ति के साथ श्रद्धालु ग्राम कुंडलपुर से बड़ी माई यात्रा लेकर मैहर की ओर रवाना हुए। यात्रा में रनेह, जबेरा, हटा, काईखेड़ा और भोपाल सहित विभिन्न स्थानों के श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा का उद्देश्य मां के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करना है। यात्रा में प्रमोद तिवारी (कुंडलपुर), बसंत कुसमया, अतुल व्यास, श्यामू साहू और मोनू साहू (रनेह), शुभम साहू (जबेरा), बीरू रजक (भोपाल), अरविंद साहू, अमित साहू, घनश्याम साहू, दीपेश सेन, बृजेश सेन, अनिकेत सेन और राजा साहू (काईखेड़ा), दिलीप साहू और राकेश साहू (हटा) शामिल हैं। श्रद्धालु मां की भक्ति और जयकारों के साथ मैहर की ओर बढ़ रहे हैं। नवरात्रि के दौरान इस तरह की यात्राएं क्षेत्र में धार्मिक आस्था और उत्साह का प्रतीक हैं।

आत्मानुशासन ही जीवन का सबसे बड़ा ब्रेक : मुनि श्री समतासागर



कुण्डलपुर(म.प्र.)। मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा पुरुषार्थ अपनी शक्तियों को पहचानना, उन्हें सही दिशा देना और उन पर नियंत्रण रखना है।सामर्थ्य तभी सार्थक होता है,जब उसका उपयोग विवेक और संयम के साथ किया जाए। अनियंत्रित शक्ति विनाश का कारण बन सकती है,जबकि आत्मनियंत्रण व्यक्ति को सफलता और आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ाता है। जीवन में धर्म, ज्ञान और नियम-संयम का होना आवश्यक है। उपरोक्त उद्गार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने प्रातः धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुनि श्री ने मनुष्य जीवन में आत्मानुशासन का महत्त्व समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार वाहन को नियंत्रित रखने के लिए ब्रेक और घोड़े के लिए लगाम आवश्यक है, उसी प्रकार मनुष्य के मन को नियंत्रित करने के लिए धर्मज्ञान और संयम बहुत जरूरी हैं। मन का संतुलन ही जीवन का सबसे बड़ा ब्रेक है। मनुष्य को अपनी वाणी, विचार, खानपान और व्यवहार पर नियंत्रण रखना चाहिए। मन की शक्ति का सदुपयोग तभी है, जब विचारों में विवेक और व्यवहार में कल्याण की भावना हो। मुनि श्री ने आचार्य श्री के दोहे का उल्लेख करते हुए कहा कि पशुओं को नियंत्रित करने के लिए लगाम और अंकुश होते हैं, लेकिन मनुष्य को सही दिशा देने का कार्य धर्मग्रंथ, तत्त्वज्ञान और गुरुजनों का मार्गदर्शन करते हैं। जीवन और जगत के वास्तविक स्वरूप को समझकर अपनी सामर्थ्य के अनुसार नियम-संयम अपनाना चाहिए। अनावश्यक वस्तुओं के संग्रह, उपयोग और इच्छाओं पर धीरे-धीरे नियंत्रण स्थापित करना संयम की व्यावहारिक शुरुआत है। ज्ञान जीवन को दिशा देता है और संयम उस दिशा में आगे बढ़ने की क्षमता प्रदान करता है। उन्होंने गुरु परंपरा समर्पण समारोह को धर्म और संस्कृति का महायज्ञ बताते हुये कहा कि आगामी समय में आयोजित होने वाला गुरु परंपरा समर्पण समारोह कोई सामान्य आयोजन नहीं, बल्कि जिनशासन, वीतराग धर्म और आचार्य परंपरा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का महायज्ञ है। कुण्डलपुर प्रबंधकारिणी समिति ने संकल्प लिया है कि बड़े बाबा भगवान आदिनाथ, आचार्य श्री और संपूर्ण गुरु परंपरा के प्रति समर्पित साधर्मियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। यह पहल समाज को अपनी आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने और आचार्यों के योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने का महत्त्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

उन्होंने प्रबंधकारिणी समिति के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक कार्यों के प्रति सभी की तत्परता और उत्साह प्रेरणादायी है। कुण्डलपुर का आध्यात्मिक वातावरण ऐसा है कि यहां आने वाले श्रद्धालु धर्म, भक्ति और साधना में रम जाते हैं। कुछ समय यहां बिताने के बाद जब लौटने का समय आता है, तो मन उदास होने लगता है। उन्होंने कार्यकर्ता अमरावती के पारस महाजन का उदाहरण देते हुए कहा कि वे दो-ढाई महीने से यहां रहकर धर्मलाभ ले रहे हैं,अब उनके माता-पिता आए और उन्होंने भी चौका लगाकर धार्मिक गतिविधियों में सहभागी बने। अब वापस जाने का समय निकट आने पर उनके चेहरे पर विदाई की उदासी दिखाई देने लगी है। बड़े बाबा की भक्ति और छोटे बाबा आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की साधना का प्रभाव है कि श्रद्धालु यहां के वातावरण से गहराई से जुड़ जाते हैं। बुजुर्ग श्रद्धालु भी शारीरिक कठिनाइयों के बावजूद दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सच्ची श्रद्धा व्यक्ति में उत्साह और आत्मविश्वास जगाती है।अतिथि सेवा भी गुरु भक्ति का महत्वपूर्ण अंग है। आगामी 24 एवं 25 अक्टूबर को आयोजित गुरु परंपरा समर्पण समारोह के संदर्भ में मुनि श्री ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि देशभर से आने वाले अतिथियों का आत्मीयता और सम्मान के साथ ध्यान रखें। उनकी सुविधाओं की व्यवस्था करना केवल प्रबंधकीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि धर्म और गुरु परंपरा के प्रति समर्पण प्रकट करने का अवसर है। विशुद्ध भाव से की गई सेवा से क्षेत्र की प्रभावना बढ़ती है और समाज में सहयोग तथा सद्भाव की भावना मजबूत होती है।मुनि श्री ने कहा कि घर-घर में लड़ाई-झगड़े के बजाय धर्म की चर्चा होनी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति अपने ज्ञान और चरित्र को उन्नत बनाने का प्रयास करे। गुरु परंपरा के प्रति सच्चा समर्पण केवल समारोह तक सीमित न रहे, बल्कि हमारे आचरण, अनुशासन और सेवाभाव में भी दिखाई दे। अपनी शक्तियों का सदुपयोग, जीवन में संयम और गुरुजनों के प्रति श्रद्धा ही धर्ममय जीवन की वास्तविक पहचान है।

बिना डिग्री के डॉक्टरों की भरमार, कार्रवाई पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

क्षेत्र में बिना मान्य डिग्री के मरीजों का इलाज करने वालों की बढ़ती संख्या के बीच स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्राम पंचायत मेहलवारा में लकवा के मरीजों का इलाज किए जाने की चर्चा है। बताया जाता है कि मरीजों को लगातार तीन बार उपचार लेना पड़ता है, जिसके चलते दूर-दराज से आने वाले मरीजों के ठहरने की व्यवस्था भी की गई है।

क्षेत्र में कुछ लोग खुद को विशेषज्ञ बताकर इलाज कर रहे हैं। आरोप हैं कि होम्योपैथी और आयुर्वेद पद्धति से जुड़े कुछ चिकित्सक एलोपैथी से इलाज करने के साथ ईसीजी जैसी जांचें भी कर रहे हैं। कई जगह डॉक्टर, लैब और मेडिकल स्टोर एक ही परिसर में संचालित होने से मरीजों की जांच से लेकर दवाइयों तक की व्यवस्था वहीं हो जाती है। दवाइयों के बिल नहीं दिए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

जांच और कार्रवाई की मांग

स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि स्वास्थ्य विभाग को इन गतिविधियों की जानकारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। जांच के नाम पर जिला स्तरीय टीम का हवाला देकर मामला टालने के आरोप भी हैं।

क्षेत्रवासियों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि पथरिया और आसपास के गांवों में संचालित क्लीनिकों की जांच कराई जाए। चिकित्सकों की डिग्री, पंजीयन, उपचार पद्धति और मेडिकल स्टोर की वैधानिकता की पड़ताल कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

दमोह। पेंशनर संयुक्त मोर्चा एवं समस्त पेंशनर्स संघों के तत्वावधान में म.प्र. लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में स्थानीय परशुराम भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, पत्रकार, विभिन्न कर्मचारी संघों के जिला पदाधिकारियों तथा परिजनों की मौजूदगी रही। आजीविका मिशन में ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा ने अपने पिता स्व. विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा जी का जीवन परिचय देते हुए उनके द्वारा समाज सेवा में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उपस्थित वक्ताओं में नारायण सिंह ठाकुर, नरेंद्र दुबे, स्वामी अशोक तिवारी, आरके मिश्रा, राजीव बड़कुल, अमर सिंह राजपूत एवं बीएम दुबे ने स्व. मिश्रा जी को सहज, सरल, कर्मठ व्यक्तित्व, मिलनसार, समाजसेवी, साहित्य प्रेमी एवं कर्मचारी हितैषी बताया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों का पुण्य स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा का संचालन राजीव अयाची ने किया।

पटेरा में मातारानी की भव्य आगवानी, भक्ति और उत्साह से सराबोर हुआ नगर



पटेरा। शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर पूरा पटेरा नगर माता के जयकारों से गूंज उठा है। मातारानी की आगवानी को लेकर नगर में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जैसे ही माता की प्रतिमाएं नगर में प्रवेश कर रही हैं, पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। नगर में नवरात्रि को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। प्रत्येक समिति द्वारा अपनी-अपनी झांकियों को आकर्षक रूप से सजाया गया है और पंडालों को भव्य रूप दिया गया है। मातारानी की आगवानी को लेकर नगरवासियों में एक अलग ही होड़ लगी हुई है। लोग अपने घरों, दुकानों और पंडालों के बाहर आकर्षक रंगोलियां बना रहे हैं, फूलों के बंदनवार लगा रहे हैं और ढोल-नगाड़े, डीजे की धुन और माता के जयकारों के साथ पुष्प वर्षा कर आरती कर माता रानी का स्वागत कर रहे हैं। पटेरा नगर के मुख्य दिवाले सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर हुई माता की आगवानी ने भक्तिमय त्यौहार की गरिमा में चार चांद लगा दिए। प्रमुख रूप से नगर सेठानी मां शीतला समिति, नगर कल्याणी मां कलेही समिति, मां चंडी दरबार, नगर लाडली माता पुरानी अस्पताल समिति, अंबिका माता समिति, बस स्टैंड देवी समिति, हटा तिराहा देवी समिति, पुराना बाजार समिति एवं आदिवासी मोहल्ला देवी समिति की आगवानी सराही जा रही है।

बागेश्वर धाम सरकार के दिव्य दरबार के लिए हटा में सजा आकर्षित मंच



हटा। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बागेश्वर धाम गढा.से पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा बुंदेलखंड के पांच जिलों में निकाली जा रही सनातन हिंदू एकता रथ यात्रा आज नवरात्रि के पावन अवसर पर सोमवार की शाम शिवकाशी हटा की पुण्य धरा पर पहुंचेगी जहां पर आयोजन कमेटी द्वारा प्रशासन के सहयोग से तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल दद्दा कला मंच को आकर्षक साज सज्जा लाइटिंग लगाकर भव्य रूप से सजाया गया है। जहां पर लाखों श्रद्धालुओं को व्यवस्थित बैठने की व्यवस्था की गई है। गौरीशंकर मंदिर प्रांगण को प्रशासन द्वारा चारों तरफ से रेड जोन बनाया गया है रथ यात्रा के रास्ते एवं शहर के प्रमुख आवागमन स्थलों पर पुलिस द्वारा सड़क पर बेरीकेट्स लगाकर यातायात एवं वाहन पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है। ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को नगर में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और व्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच सके। वही रथ यात्रा के रात्री विश्राम को लेकर आयोजन कमेटी के साथ प्रशासन के अधिकारी भी अलर्ट होकर श्रद्धालुओं के रुकने भोजन भंडारा की व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

मां के जयकारों के साथ जगह-जगह पंडालों में विराजमान हुई जगत जननी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



आदिशक्ति की आस्था के महापर्व का आगाज रविवार को हटा नगर में श्रद्धा भक्ति भाव के साथ हो गया। नगर के प्रसिद्ध मां चंडी जी मंदिर परिसर व मुख्य सड़क पर रंग-बिरंगी लाइटों से रोशन होने लगा। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा का शुभारंभ विधि-विधान से पूजन कर किया गया। वहीं हटा शहर में दुर्गा समितियां द्वारा जगह-जगह मां दुर्गा के अनेक रूपों में माता जगत जननी की स्थापना रविवार सुबह से ही प्रारंभ कर रात्रिकालीन समय तक सजाए गये देवीय पंडालों में की गई। इसी के साथ नवरात्रि के प्रारंभ से देवीय दिवालों व पंडालों में घट की स्थापना की जाएगी। ज्योतिषी पंडितों के अनुसार मां भगवती की आराधना नौ दिन देवियों के नौ रूपों की पूजा अर्चना की जाती है। नगर के मूर्तिकारों के यहां समितियों के सदस्यो द्वारा सुबह से ही ढोल नगाड़ों के साथ मां के जयकारा लगाते हुए स्थापना के लिए देवी प्रतिमा को अपने-अपने संसाधनों से झूमते नाचते ले जाया गया। वहीं नगर में दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा पंडालों की आकर्षक साज सज्जा कर विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर रात्रि में मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना कर नौ दिनों तक भक्ति की ज्योत जलेगी। नगर के कई देवीय पंडालों में सुबह से ही मां की विधि-विधान से स्थापना की गई। नगर के मां चंडी जी मंदिर शीतला माता मंदिर पीताम्बरा पीठ संतोषी माता एवं कलेही माता मंदिर में भी शारदीय नवरात्रि पर आकर्षक साज-सज्जा की गई जहां सुबह से ही महिला पुरुषो बच्चों की जल चढ़ाने की भीड़ मंदिरो में उमड़ी रही है जो निरंतर नौ दिनों तक जारी रहेगी।